तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

12 राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए निष्ठा का चयन

13 75 विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचारी मॉडल





## खेती-किसानी को मिली गति, रोपा-बयासी का कार्य लगभग पूरा

# झमाझम बारिश से धान की फसल को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पिछले कई दिनों से बारिश की कमी और तेज धूप से चिंतित किसानों को आखिरकार राहत मिल गई है। जिले में हुई झमाझम बारिश से खेतों में फिर से पानी भर गया है और धान सहित खरीफ फसलों को नया जीवन मिला है। बारिश के बाद किसानों के चेहरों पर खुशी लौट आई है तथा खेतों में रोपाई और अन्य कृषि कार्यों ने भी रफ्तार पकड़ ली है। बारिश के अभाव में खेतों की नमी तेजी से कम हो रही थी। अंकुरित धान की फसल मुरझाने लगी थी और किसान सिंचाई के वैकल्पिक साधनों पर निर्भर हो रहे थे। ऐसे समय में हुई अच्छी बारिश ने खेती के लिए अनुकूल परिस्थितियां बना दी हैं। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह वर्षा खरीफ फसलों के लिए बेहद लाभकारी है। यदि आने वाले दिनों में भी नियमित अंतराल पर बारिश होती रही तो उत्पादन में वृद्धि की अच्छी संभावना रहेगी। स्थानीय किसान लक्ष्मेंद्र अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में धान की रोपा-बयासी का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। ऐसे समय पर हुई यह अच्छी बारिश किसानों के लिए अमृत के समान है।



## अमेठी घाट पर 4-5 फीट ऊपर बह रहा पानी, आवागमन बाधित, पुलिस तैनात




**बलौदाबाजार।** जिले में पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही तेज बारिश के चलते महानदी, शिवनाथ नदी सहित कई छोटे-बड़े नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने तथा बाढ़ आपदा, होमगार्ड एवं रेस्क्यू टीमों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। पलारी तहसील के अमेठी घाट में महानदी का जलस्तर खतरे के निशान से लगभग 4 से 5 फीट ऊपर पहुंच गया है। सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय प्रशासन ने पुलिस बल तैनात कर एनीकट के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया है। ग्रामीणों को नदी पार करने से रोकने के लिए कोटवारों की भी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर शर्मा ने सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और लोगों को सतर्क करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि जलस्तर बढ़ने की स्थिति में नदी, एनीकट अथवा पुल पार करने का प्रयास न करें। अफवाहों से बचें और केवल प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। जिला प्रशासन ने लोगों से सावधानी बरतने और किसी भी आपात स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन को सूचना देने की अपील की है।

## अब तक 390.3 मिमी औसत वर्षा

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार चालू मानसून सत्र में 1 जून से 18 जुलाई 2026 तक जिले में 390.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार वर्षा के आंकड़ों के अनुसार टुण्डरा में 619 मिमी, बलौदाबाजार में 453.5 मिमी, कसडोल एवं पलारी में 390.4-390.4 मिमी, भाटापारा में 381.6 मिमी, लवन में 372.2 मिमी, सोनाखान में 352.5 मिमी, सिमगा में 322.6 मिमी तथा सुहेला में 310 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। कृषि विभाग के अनुसार वर्तमान वर्षा किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित हो रही है। यदि मानसून की यही स्थिति बनी रही तो जिले में धान की बेहतर पैदावार होने की संभावना है।

## उमस और गर्मी से राहत

चारों ओर खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है, जिससे धान की फसल को संजीवनी मिली है और किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद जगी है। बारिश से केवल खेती ही नहीं, बल्कि मौसम भी सुहावना हो गया है। उमस और गर्मी से लोगों को राहत मिली है तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्रोतों का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में भी जिले में वर्षा की संभावना जताई है, जिससे किसानों में अच्छी फसल की उम्मीद और मजबूत हुई है।









खबर संक्षेप



## मां शीतला मंदिर में माता पहुंचनी पर्व मनेगा 20 को

**खरोरा** । खरोरा के प्रसिद्ध शीतला मंदिर मे प्रतिवर्षानुसार इस साल भी माता पहुंचनी पर्व का आयोजन 20 जुलाई को मनाने समिति ने तैयारी संबंधी बैठक ली। खरोरा के पनखटिया तालाब वार्ड 6 के समीप शीतला मंदिर में माता पहुंचनी का आयोजन 20 जुलाई को रखा गया है । इस अवसर पर नगर के मां शीतला देवी के भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माता में चढ़ावा चढ़ाकर अपने और अपने परिवार के स्वास्थ्य सुख शांति समृद्धि के लिये मन्नत मांगते हैं । वही इस आयोजन को भव्य बनाने शीतला देवी मंदिर समिति द्वारा भजन व माता जसगीत का आयोजन रखा गया है । उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष राजू देवांगन, महेश वर्मा व कमल वर्मा ने दी ।

## भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा दिवस पर किया पौधारोपण



**भटगांव** । भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा दिवस 16 जुलाई को समर्पण फाउंडेशन के सदस्यों ने पौधारोपण किया। पौधारोपण नगर भटगांव के महाविद्यालय मार्ग में किया गया। समर्पण फाउंडेशन के सदस्य पंकज दुबे, भागवत साहू, दीपक पांडे, त्रिलोक देवांगन, महेंद्र सोनी, प्रवीण पांडे, भूपेंद्र दुबे, विभूतिभूषण गुप्ता, तरुण पाल सिंह सरदार आदि के द्वारा मानसून लगते ही पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न स्थलों में पौधारोपण का कार्यक्रम लगातार किया जा रहा है । इसी तारतम्य में 28 जून को 11 पौधे, 2 जुलाई को पांच, 15 जुलाई को दो एवं रथयात्रा दिवस पर 21 कुल 39 पौधों का रोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## नदी- नाला और डेम में 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर प्रतिबंध

बिलाईगढ़। संचालनालय मछली पालन विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के दौरान मछलियों की वंशवृद्धि एवं संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आगामी 15 अगस्त तक जिले के सभी नदी, नालों एवं अन्य प्राकृतिक जल संसाधनों में मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रतिबंध अवधि के दौरान ऐसे तालाब एवं जलस्रोत, जिनका संबंध नदी-नालों से नहीं है तथा जलाशयों में संचालित केज कल्चर इकाइयों को प्रतिबंध से पृथक रखा गया है। इनके अतिरिक्त सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्ण निषिद्ध रहेंगी।

## मुरा में सीसीटीवी कैमरों के लिए प्रशासनिक हलचल तेज

**बंगोली**। ग्राम पंचायत मुरा में मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में दर्ज शिकायत पर प्रशासनिक कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि लकेश्वर कोसले द्वारा प्रस्तुत शिकायत के संबंध में कार्यालय ग्राम पंचायत मुरा, जनपद पंचायत तिल्दा-नेवरा ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए प्रकरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायपुर को अग्रिम कार्यवाही एवं आवश्यक राशि स्वीकृति हेतु प्रेषित कर दिया है। लकेश्वर कोसले ने बताया कि ग्राम पंचायत मुरा में खदानों, क्रेशरों एवं भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही के कारण सड़क सुरक्षा एक गंभीर विषय बन गया है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, महिलाएं, बुजुर्ग एवं ग्रामीण इन मार्गों से आवागमन करते हैं।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट गाइड, रोवर व रेंजर का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिला स्काउट्स एवं गाइड्स कार्यालय के पुनर्निर्माण कार्य पूर्ण होने पर भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के अवसर पर कार्यालय परिसर में भगवान सत्यनारायण की विधिवत पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आयोजित धार्मिक अनुष्ठान में जिले के स्काउट-गाइड पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने संगठन की उन्नति और सफलता की कामना की।

कार्यक्रम को जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त संदीप शर्मा के मार्गदर्शन एवं सहयोग से आयोजित किया गया। पूजा के मुख्य यजमान जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) सूरज कसार रहे।

इस अवसर पर जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, जिला कोषाध्यक्ष पीयूष मिश्रा, पूर्व जिला मुख्यालय आयुक्त नरेश केशरवानी, जिला आयुक्त गाइड वंदना तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टंडन, प्राचार्य वंदनीय श्रीवास्तव, जिला सचिव डॉ. जगदीश हीरा साहू, जिला संगठन आयुक्त गाइड नेहा उपाध्याय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) रजनीकला पाटकर सहित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी एवं जिले के रोवर-रेंजर उपस्थित रहे।

### पुनर्निर्मित जिला स्काउट्स एवं गाइड्स कार्यालय में पूजा- अर्चना



### टी शर्ट का किया वितरण

पूजा-अर्चना के बाद यूएनआईसीईएफ एवं भारत स्काउट एवं गाइड के संयुक्त कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्काउट, गाइड, रोवर एवं रेंजर को सम्मानित किया गया तथा प्रोत्साहन स्वरूप टी-शर्ट वितरित की गई। वक्ताओं ने स्काउट-गाइड गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओं के विकास पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित अतिथियों ने नव-निर्मित कार्यालय का अवलोकन करते हुए इसे जिले के युवाओं के लिए प्रेरणादायी केंद्र बताया।

## एसपी और एएसपी ने की पूजा-अर्चना, आपातकालीन स्थितियों में मिलेगी बड़ी मदद

# सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस बेड़े में शामिल हुए आधुनिक वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

पुलिस मुख्यालय द्वारा सारंगढ़-बिलाईगढ़ पुलिस की कार्यक्षमता और गतिशीलता को बढ़ाने के लिए नए वाहन आवंटित किए गए हैं। जिला पुलिस बल को 8 मोटरसाइकिल, 1 बड़ी बस, 1 मिनी बस और 1 जेल वाहन (कैदी वाहन) प्राप्त हुआ है। शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय परिसर में एसपी सुनील शर्मा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) श्रीमती निमिषा पांडे ने विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ इन नए वाहनों की पूजा-अर्चना की, जिसके बाद इन्हें औपचारिक रूप से पुलिस के शासकीय काफिले में शामिल किया गया। इन नए और आधुनिक वाहनों की उपलब्धता से जिले की कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

अब किसी भी आपातकालीन स्थिति, कानून-व्यवस्था की समस्या या वीआईपी ड्यूटी के दौरान पुलिस बल को बेहद कम समय में और त्वरित गति से एक स्थान से दूसरे स्थान पर भेजा जा सकेगा। इसके अलावा, आवंटित बसों का उपयोग विपरीत परिस्थितियों या कानून-व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में भारी मात्रा में राशन सामग्री, सुरक्षा बैरिकेड्स और अन्य आवश्यक दंगारोधी उपकरणों को दुर्घटना या प्रदर्शन स्थल तक तेजी से पहुँचाने के लिए किया जाएगा, जिससे समय रहते हालात पर काबू पाया जा सके।



### दूर-दराज के ग्रामीण और संवेदनशील इलाकों में बढ़ेगी गश्त

पुलिस बेड़े में इन नए वाहनों, विशेषकर मोटरसाइकिलों के शामिल होने से गश्त की प्रक्रिया में काफी तेजी आएगी। अब पुलिस की टीमें शहर के मुख्य चौक-चौराहों से लेकर दूर-दराज के वनांचल, ग्रामीण और संवेदनशील इलाकों में चौबीसों घंटे सक्रियता से गश्त कर सकेंगी। इससे असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने और अपराधों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। पुलिस मुख्यालय से मिले इन आधुनिक संसाधनों से जिला पुलिस अब पहले से कहीं अधिक चुस्त और तेज बनेगी, जिससे जिले की सुरक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा मिलेगी। इस गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान एएसपी निमिषा पांडे, डीएसपी (मुख्यालय) संतोषी ग्रेस, रक्षित निरीक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रा सहित जिला एसपी कार्यालय के समस्त राजपत्रित अधिकारी और कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## छरछेद में बुलेट और साइकिल की भिड़ंत में हुए दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के कसडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छरछेद स्थित मॉडर्न स्कूल के सामने शुक्रवार शाम करीब 4 बजे बुलेट और साइकिल के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना मिलते ही कसडोल डायल-112 की टीम तत्काल घटनास्थल पहुंची। डायल-112 में तैनात आरक्षक आशुतोष बंजारे एवं वाहन चालक केशव प्रसाद साहू ने बिना देर किए राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया और दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर भर्ती कराया।

- मॉडर्न स्कूल के सामने हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार हादसे में साइकिल चालक मनमोहन केंवट (50 वर्ष) निवासी ग्राम छरछेद के सिर एवं शरीर पर गंभीर चोटें आईं, जिससे वह घटनास्थल पर ही बेहोश हो गए। वहीं बुलेट क्रमांक सीजी 13 बीडी 4885 के चालक धीरज भोई निवासी ग्राम छिछोर उमरिया ब्लॉक पुसौर जिला रायगढ़ के बाएं कंधे में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डायल112 टीम ने स्थानीय लोगों एवं परिजनों की मदद से दोनों को सावधानीपूर्वक सरकारी वाहन में बैठाकर तत्काल सीएचसी कसडोल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया। घटना की सूचना थाना कसडोल पुलिस को भी दे दी गई है जिसके बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।

## भाटापारा के अविनाश सक्ती जिले के प्रभारी नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भारतीय जनता पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व ने संगठनात्मक नियुक्तियों की नई सूची जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकारिया और प्रदेश नेतृत्व की सहमति से प्रदेश भर में जिला प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों की घोषणा की गई है।

इस महत्वपूर्ण नियुक्ति में भाटापारा के युवा नेता एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश शर्मा को सक्ति जिले का जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। अविनाश शर्मा पिछले कई वर्षों से भाजपा युवा मोर्चा के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में उन्होंने सदस्यता अभियान और युवा संवाद जैसे कार्यक्रमों में अहम योगदान दिया है। इसी कार्यशैली को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन पर सक्ति जिले जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के बाद अविनाश शर्मा ने कहा कि मैं प्रदेश नेतृत्व और संगठन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया।

सक्ति जिले में युवा मोर्चा को बूथ स्तर तक सक्रिय किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाकर युवाओं को पार्टी से जोड़ना हमारी प्राथमिकता होगी।



## नगर विकास के कार्यों में नहीं आएगी कोई कमी : टंकराम

बलौदाबाजार। नगर पालिका परिषद के नामांकित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को स्थानीय नगर भवन में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा तथा अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने की। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश चंद्र कोरी ने नामांकित पार्षद ताराचंद कनौजे, दिनेश वर्मा, तारा परसवानी, नीलम सोनी एवं अनामिका अग्रवाल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बलौदाबाजार के विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नगर के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने विकास कार्यों में मिल रहे सहयोग के लिए मंत्री का आभार व्यक्त किया। समारोह में जनप्रतिनिधि, पार्षद, नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

### ढाबा में शराब बिक्री, आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने ग्राम गड़बेड़ा स्थित ढाबा में अंग्रेजी शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि 17 जुलाई को सूचना मिली कि ग्राम गडबेड़ा के चिनी ढाबा में एक व्यक्ति शराब की बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम अजय सागर पिता रमेश सागर (24 साल) मुढ़ीपार थाना पिथौरा होना बताया। ढाबा की तलाशी के दौरान वहां से 20 नग पौवा गोवा अंग्रेजी शराब कीमत 2400 रुपए एवं 30 नग पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 2400 रुपए कुल कीमत 4800 को बरामद किया गया।

## राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए निष्ठा का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर के बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वावधान में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर-13 फिडे रेटेड शतरंज चैंपियनशिप में खरोरा के समीप मोहरेंगा गांव की प्रतिभाशाली खिलाड़ी निष्ठा त्रिपाठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालिका वर्ग में उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया।



प्रदेशभर से लगभग 150 खिलाड़ियों की भागीदारी वाली इस प्रतियोगिता के अंतिम और रोमांचक मुकाबले में निष्ठा ने अद्विका पांडे को पराजित कर निर्णायक जीत दर्ज की। उनकी सफलता से खरोरा नगर, मोहरेंगा गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

निष्ठा की उपलब्धि का श्रेय उनके माता-पिता के प्रोत्साहन, सतत मार्गदर्शन, कठिन परिश्रम और अनुशासित अभ्यास को दिया जा रहा है। प्रतियोगिता का तकनीकी संचालन अंतरराष्ट्रीय निर्णायक शुभम बसोने, फिडे आर्बिटर तरुण सारथी, अनिल शर्मा तथा वरिष्ठ राष्ट्रीय निर्णायकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। क्षेत्रवासियों ने निष्ठा को बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी हैं।

### तीरंदाजी प्रीतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन

**पलारी**। जिला स्तरीय तीरंदाजी चयन प्रतियोगिताबका आयोजन शासकीय उ मा शाला ससहा के मैदान में किया गया, जिसमें सेजेस गुमा,जर्वे, भवानिपुर,ससहा,दतरेंगी, चरौदा के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग 14, 17 और 19 वर्ष की श्रेणी में आयोजित की गई। जिसे विकासखंड खेल प्रभारी हेमलता कनौजे ने सफलतापूर्वक संपन्न कराई वही आयोजन में दीपमाला साहू सेजेस पलारी, राजेश माड़े गुमा, लारेंस साहू गुमा, आशीष ठाकुर सेजेस छेरकापुर,संजय वर्मा जर्वे, चंद्रदीप रात्रे भवानीपुर, ईश्वर साहू ससहा ने भी अहम भूमिका निभाई। बालक एवं बालिका वर्ग 14, 17,19 चयनित खिलाड़ीयो में नीतीश नारंगे, प्रीतम खरसे, देववृत मनहरे,आशकरण, प्रकाश साहू, गजेंद्र साहू, मयंक वर्मा, खिलावन निषाद, कौशिक साहू, वेद प्रकाश, समिर, दुष्यंत पटेल, दीपक धीवर, समीर, विनय बंजारे, रोशनी चंद्राकर, भागेदारी सुरतांगे, रोशनी साहू शामिल है । ये खिलाड़ी 20 जुलाई को महासमुंद में आयोजित संभाग स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में अपने जिला का प्रतिनिधित्व कर जिले का नाम रोशन करेंगे।



## समाज में एकता, सेवा और भाईचारे की भावना होती है मजबूत

# रथ यात्रा पर श्रद्धालुओं को किया स्वल्पाहार वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रथ यात्रा के पावन पर्व पर कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ, जिला साहू संघ बलौदाबाजार द्वारा शनिवार शाम 5:30 बजे साहू समाज भवन, बलौदाबाजार में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा के अवसर पर श्रद्धालु भक्तजनों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का आयोजन कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ, जिला साहू संघ बलौदाबाजार के जिला संयोजक संतोष साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठजनों ने भगवान श्री जगन्नाथ से समाज की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। कार्यक्रम में हेमंत साहू , राजेश साहू, पूरन लाल साहू , द्वारका प्रसाद साहू, रामनाथ साहू, दिगंबर साहू, मोहनलाल साहू ललिता साहू , पुनीत साहू, राम कुमार साहू , कौशल प्रसाद साहू, जत्ती राम साहू सहित समाज की मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिला संयोजक संतोष साहू ने सभी सहयोगियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में एकता, सेवा और आपसी भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं।



## नपं कसडोल के नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ली शपथ

**कसडोल**। नगर पंचायत कसडोल में शनिवार को मनोनीत एल्डरमैनों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल तथा अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने की। अनुविभागीय अधिकारी रामरतन दुबे ने मनोनीत एल्डरमैन गोटिलाल साहू, राजेंद्र श्रीवास एवं शीला वर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि नए एल्डरमैनों के जुड़ने से नगर विकास कार्यों को और गति मिलेगी। वहीं गौरीशंकर अग्रवाल ने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए जनहित, निष्ठा और बिना भेदभाव के सेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## पंचायतों में 20 को होगी विशेष ग्रामसभा

**बिलाईगढ़।** कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू के निर्देशानुसार जिले की सभी ग्राम पंचायतों में आगामी 20 जुलाई को विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत में निर्धारित तिथि को विशेष ग्रामसभा का आयोजन सुनिश्चित करें तथा बैठक की वीडियो, फोटोग्राफ और संकलित प्रतिवेदन जिला पंचायत कार्यालय को अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। जारी आदेश के अनुसार, विशेष ग्रामसभा में वीबीजीरामजी योजना के अंतर्गत पूर्व में स्वीकृत कार्यों की प्राथमिकता सूची का पुनः परीक्षण कर नई सूची तैयार कर ग्रामसभा से अनुमोदन लिया जाएगा। साथ ही ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) 2026-27 की कार्ययोजना पर भी ग्रामसभा की स्वीकृति प्राप्त की जाएगी। ग्राम सभा में इसके अतिरिक्त अन्य स्थानीय विकास संबंधी विषयों पर भी चर्चा की जाएगी।

## पेंशनरों को मिलेगा महंगाई राहत वृद्धि का लाभ

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन की लंबे समय से चली आ रही मांग को बड़ी सफलता मिली है। अब राज्य के पेंशनरों को महंगाई राहत में वृद्धि के लिए मध्यप्रदेश शासन की सहमति की आवश्यकता नहीं होगी। धारा 49(6) से संबंधित बाध्यता समाप्त होने के बाद राज्य शासन स्वतंत्र रूप से महंगाई राहत संबंधी निर्णय ले सकेगा, जिससे प्रदेश के लाखों पेंशनरों को समय पर लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पी.आर. यादव ने बताया कि संगठन लगातार इस व्यवस्था को समाप्त करने की मांग कर रहा था, जिससे पेंशनरों के महंगाई राहत संबंधी निर्णय अनावश्यक रूप से लंबित रहते थे। संगठन के सतत प्रयासों और सकारात्मक पहल के परिणामस्वरूप यह महत्वपूर्ण निर्णय संभव हो सका। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन, बलौदाबाजार-भाटापारा के जिला अध्यक्ष पी.के. हिरवानी तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोज दुबे ने निर्णय का स्वागत करते हुए इसे प्रदेश के सभी पेंशनरों की बड़ी जीत बताया। उन्होंने कहा कि अब राज्य शासन महंगाई राहत में वृद्धि का निर्णय स्वतंत्र रूप से लेकर पेंशनरों को समय पर लाभ प्रदान कर सकेगा।

**निधन**

## योगेश (पूनम) नामदेव



**बलौदाबाजार।** जिला अभिभाषक संघ के सदस्य, अधिवक्ता एवं कांग्रेस नेता योगेश (पूनम) नामदेव का शुक्रवार को निधन हो गया। शनिवार को रायपुर रोड स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# प्राथमिक शाला नंदनिया में बच्चों की प्रतिभा को मिल रहा मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

विकासखंड के संकुल परसदा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नंदनिया में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की अनूठी पहल के तहत प्रकाशित होने वाले मासिक बाल अखबार 'बाल जगत' के 11वें अंक का विमोचन किया गया। विद्यालय में अक्टूबर 2024 से प्रत्येक माह इस बाल अखबार का नियमित प्रकाशन किया जा रहा है, जबकि जून 2025 से प्रत्येक कक्षा का अलग-अलग बाल अखबार भी प्रकाशित किया जा रहा है। विद्यालय के प्रधानपाठक अशोक कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित इस नवाचार में बच्चे स्वयं समाचार, कहानी, कविता, चित्र और अन्य रचनात्मक सामग्री तैयार करते हैं। वे ही सामग्री का चयन और संपादन भी करते हैं। गांव की घटनाओं, जन्मोत्सव, विवाह, त्योहार तथा स्थानीय गतिविधियों को भी बच्चे अपने शब्दों में लिखकर अखबार का हिस्सा बनाते हैं। विद्यालय में कक्षा 1 से 5 तक के 72 विद्यार्थियों को तीन शिक्षक पढ़ाते हैं। एफएलएन के अंतर्गत बच्चों के भाषा एवं लेखन कौशल को मजबूत बनाने के लिए नियमित कहानी लेखन, रचनात्मक लेखन और चित्र आधारित गतिविधियां कराई जाती हैं। चयनित रचनाओं को बाल अखबार में प्रकाशित किया जाता है, जबकि अन्य लेखन सामग्री की हस्तपुस्तिकाएं तैयार की जाती हैं। विद्यालय में लेखन संबंधी त्रुटियों को दूर करने के लिए 'सुधार पत्रक' का भी उपयोग किया जा रहा है।

### मासिक बाल अखबार 'बाल जगत' के 11वें अंक का विमोचन

**प्रेरणादायी मॉडल बन रही पहल**

संकुल समन्वयक सम्मेलाल साहू के मार्गदर्शन में संकुल विकास योजना और प्रत्येक विद्यालय की शाला विकास योजना तैयार की जा रही है। शिक्षकों के समन्वित प्रयासों से विद्यालय में एफएलएन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है। यह पहल बच्चों के सीखने की गुणवत्ता बढ़ाने की दिशा में एक प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभर रही है।



**बच्चों की भाषा दक्षता और सीखने की क्षमता में सुधार**

प्रधानपाठक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चों को अभिव्यक्ति के विविध अवसर देने से उनकी भाषा दक्षता और सीखने की क्षमता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पालक गौर सिंह पैकरा ने कहा कि चित्र बनाकर उसके बारे में लिखने और स्वयं कहानी रचने से बच्चों की कल्पनाशक्ति का विकास हो रहा है। शिक्षक लोकनाथ बरिहा ने बताया कि नियमित लेखन अभ्यास और सुधार पत्रक के माध्यम से बच्चों की लेखन त्रुटियों में कमी आई है तथा शब्द भंडार भी बढ़ा है। वहीं शिक्षक रामधनी ने कहा कि भाषा में सुधार का सकारात्मक प्रभाव गणित सहित अन्य विषयों के अध्ययन पर भी दिखाई दे रहा है।

### विद्यार्थियों को हेलमेट, सीट बेल्ट और सुरक्षित यातायात व्यवहार का पढ़ाया जा रहा पाठ

# जिले में 3 हजार छात्र-छात्राओं को सिखाए गए सड़क सुरक्षा के नियम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और छात्र-छात्राओं में प्रारंभ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देश तथा उप पुलिस अधीक्षक (यातायात) संजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान के तहत शिक्षण सत्र 2026-27 में अब तक लगभग तीन हजार छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी जा चुकी है। अभियान के दौरान जिले के विभिन्न हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों में विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के महत्व, यातायात संकेतों का पालन करने तथा सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को अनुशासित यातायात व्यवहार अपनाने का संकल्प भी दिलाया। यातायात पुलिस ने अभिभावकों से विशेष अपील की है कि वे नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें। यह न केवल मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि बच्चों एवं अन्य राहगीरों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा बन सकता है।अब तक शासकीय चक्रपाणि शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बलौदाबाजार), शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी, रामसागर पारा (भाटापारा), बनसांकरा, डोंगरिया (सिमगा), शासकीय हाई स्कूल लटुवा तथा केसदा सहित कई विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं।

## 75 विद्यार्थियों ने दिखाए नवाचारी मॉडल



**बलौदाबाजार।** अंबुजा विद्यापीठ, रवान में शनिवार को विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के उद्देश्य से 'स्टेम सैटरडे' का भव्य आयोजन किया गया। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियांत्रिकी एवं गणित आधारित इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 8 तक के 75 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान पर आधारित अभिनव प्रोटोटाइप मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। विद्यार्थियों को 10 स्टेम शिक्षकों ने प्रशिक्षण एवं तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्होंने उपयोगी और नवाचारी मॉडल विकसित किए। प्रस्तुत प्रोटोटाइपों में से तीन सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का चयन कर उन्हें आदानी ग्रुप ऑफ स्कूल्स के प्रधान कार्यालय राष्ट्रीय स्तर की चयन प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। चयनित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। मुख्य अतिथि डीकेपीजी कॉलेज, बलौदा बाजार के रसायन विज्ञान प्राध्यापक रूपेश कुमार देवांगन ने विज्ञान को जीवन से जोड़ते हुए नवाचार के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं जिला विज्ञान केन्द्र के नोडल अधिकारी एवं लाहोद के प्राचार्य कौशिक मुनि त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने तथा अनुसंधान और प्रयोग के माध्यम से वास्तविक समस्याओं के समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने कहा कि स्टेम शिक्षा विद्यार्थियों में आलोचनात्मक चिंतन, रचनात्मकता, सहयोग और समस्या-समाधान जैसे 21वीं सदी के आवश्यक कौशल विकसित करती है तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने विद्यार्थियों के नवाचार और प्रतिभा की सराहना की। इस अवसर पर उप प्राचार्य पद्माकर मिश्रा, समन्वयक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान योजना में अंबुजा विद्यापीठ के तीन विद्यार्थियों ने मारी बाजी




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

अंबुजा विद्यापीठ, रवान के तीन होनहार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान योजना की प्रारंभिक लिखित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। विद्यालय के छात्र अनय शर्मा, रुद्रनील मैती और हन्नाश पंजवानी ने प्रतियोगिता में सफलता हासिल करते हुए /"पी.एस.वाय राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान समारोह-2026 के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए इन विद्यार्थियों को 18 जुलाई को रायपुर स्थित विमतारा ऑडिटोरियम में आयोजित राष्ट्रीय उत्कृष्टता सम्मान समारोह में पदक एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका मुख्य अतिथि होंगे, जबकि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक तथा सांसद एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में पी.एस.वाय. शैक्षणिक एवं अनुसंधान संघ के निदेशक डॉ. एस.के. मिश्र, स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा लोक शिक्षण संचालनालय के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में उत्साह का माहौल है। अडानी समूह की मुख्य शिक्षा अधिकारी एवं अंबुजा विद्यापीठ के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने चयनित विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि विद्यालय भविष्य में भी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध

## माताओं के सम्मान में बच्चों ने रोपे पौधे



**रवान ।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय भरसेला बड़ा में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टंडन के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में सरपंच सरिता सेन,फलेन वर्मा प्राचार्य, अमित अवस्थी अमन्वयक,डॉ . कमलेश कुमार सेन प्रधान पाठक छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान छात्रों ने अपनी-अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर उन्हें समर्पित किया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र टंडन ने अपने सम्बोधित करते हुए कहा, "एक पेड़ माँ के नाम' अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को दर्शाता है। हम सभी को पेड़ लगाने और पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेना चाहिए। डॉ. कमलेश कुमार सेन प्रधान पाठक ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा हुई। छात्रों ने अपनी माताओं के नाम पर पौधे लगाकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पिंकी वर्मा अध्यक्ष शाला प्रबंध समिति, ऋतू गोस्वामी, नील कमल सोनवानी शिक्षाविद,पंच बुद्धेश्वर पैकरा, नंदू तिवारी, द्रोपती श्रीवास,माला साहू, लखन विद्यालय के सभी सदस्यों ने इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विभिन्न प्रजातियों के पौधेः विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।

## स्काउट्स एवं गाइड्स ने किया पौधा रोपण




**रिसदा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रिसदा में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विद्यार्थियों द्वारा पौधा रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पार्वती वर्मा, अनिल कुमार बंजारे, डीसी बंजारे, रमेश नेगी, रूपनारायण साहू, बी यूके, प्रार्थना महोबिया, प्रीति जलहरे, अर्चना वर्मा, नन्द कुमार मल्होत्रा एवं स्काउट मास्टर सनत कुमार खरे उपस्थित रहे।

## भटगांव स्कूल के 15 छात्राओं को लगा एचपीवी वैक्सीन



**भटगांव।** स्वास्थ्य विभाग सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चला रहा है। इस अभियान के तहत आज प्रेम भुवन प्रताप सिंह शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव के किशोरियों को टीका लगाया गया। इस कार्यक्रम में सुरेश रघु अध्यक्ष जनभागीदारी समिति प्रेम भुवन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव, प्रियतम भारद्वाज प्राचार्य, चिन्मयी तृप्ति मिश्र, चंद्रकला जायसवाल आरएचओ, घनश्याम जायसवाल आर एच ओ, एकता जायसवाल, निशा राठौर, अजय दिनकर उपस्थित थे। डॉ. शशि जायसवाल बीएमओ बिलाईगढ़ ने बताया कि एचपीवी संक्रमण से 14 वर्ष की किशोरियों को सुरक्षित किया जा रहा है। यह संक्रमण कई वर्षों बाद कैंसर का रूप ले सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार किशोरावस्था में एचपीवी वैक्सीन लगने से सर्वाइकल कैंसर का खतरा काफी कम होता है। टीकाकरण से बेटियां सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित होंगी। स्वास्थ्य विभाग ने विशेष टीमें गठित की हैं ये टीमें विद्यालयों में छात्राओं से संवाद कर रही हैं। वे एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर और टीकाकरण की आवश्यकता पर जानकारी दे रही हैं।

## हाईस्कूल गोडा में छात्रसंघ चुनाव आदित्य वर्मा बने शाला नायक



पलारी। पलारी विकासखंड के शासकीय माध्यमिक विद्यालय गोडा में सत्र 2026-27 के लिए निर्वाचन पद्धति से छात्रसंघ चुनाव कराया गया। निर्वाचन के लिए गुरुवार को नामांकन फार्म जमा किया गया शुक्रवार को नाम वापसी एवं प्रचार प्रसार का अवसर दिया गया। शनिवार को सुबह 8.30 से मतदान कराए गए। शिक्षकों के उपस्थिति में 10 से 11 बजे मतगणना किया गया। कुल 273 छात्र छात्राओं ने मतदान में भाग लिए । मतगणना उपरांत शाला नायक के लिए आदित्य वर्मा 149 मत पाकर 25 वोटों से जीते, उप शाला नायक आकाश नवरंगे निर्विरोध निर्वाचित हुए। छात्रा प्रतिनिधि में पूजा यादव निर्वाचित हुई। क्रीड़ा सचिव आशीष कुमार साहू, अनुशासन सचिव साक्षी सोनी, संस्कृति सचिव चांदनी नारंग, स्वच्छता सचिव चंचल वर्मा, निर्वाचित हुए। बागवानी सचिव निशु वर्मा, योग सचिव भूमिका जांगडे, नशा मुक्ति सचिव तान्या सोनवानी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन कार्य एच एल वर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान पार्वती वर्मा,एम एल बंजारे,राजकुमार सोनवानी, डी के साहू, हेमलता वर्मा, निधि बरीहा, मंजू ध्रुव, सृष्टि शर्मा, वंदना गोस्वामी, हर्षित चंद्राकर, पल्लवी देवांगन एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की आधारशिला : कुंजाम

# हाईस्कूल के 23 छात्राओं को मिली साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



सरस्वती साइकिल वितरण योजना में शहीद धनंजय वर्मा शासकीय हाईस्कूल में रथयात्रा के दिन साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा नौवीं के 23 छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय जनपद सदस्य शांति देवी कुंजाम थीं। वही विशिष्ट अतिथि के तौर पर युवा सरपंच एवं सरपंच संघ उपाध्यक्ष विष्णु कोसले शाला प्रबंधन विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष रोहित धीवर उपसरपंच कुलेश्वर वर्मा पूर्व जनपद सदस्य चंद्र प्रकाश साहू पंच राहुल घृतलहरें कोमलकांत यादव रेखा वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही उज्जवल भविष्य की सबसे बड़ी आधारशिला है। छात्राओं को लगन और मेहनत के साथ पढ़ाई कर अपने परिवार विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने प्रेरित किया गया। साथ ही कहा गया कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्र से आने वाले छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। विद्यालय के प्राचार्य शशिकांत डहरिया ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**ये रहे उपस्थितः** साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान हिमेश्वरी वर्मा, प्यारी यादव, जागेश्वरी, वैष्णव, सावित्री ध्रुव, नारद राम ध्रुव, राजकुमार देवा ध्रुव, सुदर्शन, सुमंत यादव, लेखराम यादव, देवकुमार ध्रुव, भोलाराम, रिखीदास मानिकपुरी, जन्तराम, तेजराम, ज्योति धीवर एवं स्कूल स्टाफ से वरिष्ठ व्याख्याता गणेश राम वर्मा, राजकुमार लहरे, सुनील सिंह ठाकुर, यूनेश्वरी ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## प्लांट में कर्मचारीयों की सुरक्षा व समय पर वेतन भुगतान पर जोर

**सिमगा।** शनिवार को प्लांट परिसर में कर्मचारियों की सुरक्षा अनुशासन एवं समय पर वेतन भुगतान को लेकर अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें



कर्मचारीयों की सुरक्षा एवं समय पर वेतन भुगतान पर विशेष जोर दिया गया। अखिल भारतीय असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी पप्पू अली ने पत्रकारों को बताया कि फैक्ट्री प्रबंधन को कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराना चाहिए। मशीनों का संचालन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार करने तथा किसी भी दुर्घटना या असुरक्षित स्थिति की तत्काल सूचना संबंधित अधिकारी को देने के लिए कहा गया।




### ग्राम केशला में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कृष्ण जन्मोत्सव की धूम

# भगवान श्रीराम मर्यादा, सत्य, त्याग और कर्तव्य के साक्षात प्रतीक : पं. लक्ष्मीकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



प्रभात फेरी चौक ग्राम केशला में समस्त देवांगन परिवार द्वारा आयोजित हो रही संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दौरान कथावाचक पंडित लक्ष्मीकांत उपाध्याय रायपुर वाले ने कही।

कथा के पांचवे दिन कथा प्रसंग में कथावाचक ने ब्यास पीठ से समुद्र मंथन ,वामन अवतार गंगा मैया /"श्री राम जन्म, विवाह एवं श्री कृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग की कथा को विस्तार रूप में बताया। ग्राम ग्राम केसला के प्रभात फेरी चौक वार्ड क्रमांक 7 में चौक पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनुपम दृश्य देखने को मिला। कथा में राम जन्म एवं कृष्ण जन्म के पावन प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कथावाचक ने उनके जीवन आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कथा श्रवण हेतु ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन उपस्थित रहे।कथावाचक ने राम जन्म प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा, सत्य, त्याग और कर्तव्य के प्रतीक हैं। उनका संपूर्ण जीवन मानव को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतार ले, तो समाज में व्याप्त अनेक बुराइयों का स्वतः अंत हो सकता है। माता-पिता की आज्ञा का पालन, गुरुजनों का सम्मान और सत्य के मार्ग पर चलना ही राम जीवन का मूल संदेश है।इसके पश्चात कृष्ण जन्म प्रसंग का सजीव वर्णन किया गया। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन कर्म, भक्ति और ज्ञान का अद्भुत संगम है। उन्होंने बाल्यकाल से लेकर जीवन के अंतिम क्षणों तक मानव को जीवन जीने की कला सिखाई। विषम परिस्थितियों में भी धैर्य बनाए रखना, अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना और निष्काम कर्म करना ही श्रीकृष्ण की जीवन शैली है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।कथा के दौरान कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का समय हुआ, संपूर्ण पंडाल जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर ग्राम के भरत देवांगन वासुदेव के रूप में नन्हे कृष्ण को अपनी गोद में लेकर पंडाल में भ्रमण करते नजर आए। इस मनोहारी दृश्य को देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो गए और पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने इस सेवा भाव की सराहना करते हुए इसे धार्मिक आस्था और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक बताया।

### दिवंगत पत्नी की स्मृति में 9 दिवसीय भव्य आयोजन

कथा के समापन पर आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। ग्रामवासियों ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार, भक्ति और आपसी भाईचारे की भावना मजबूत होती है। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं महिलाओं का विशेष योगदान रहा। भागवत कथा का रसपान करने गांव सहित आसपास गांव से भी बड़ी संख्या में रसिक श्रोतागण पहुंच रहे है। लंबे अरसे के बाद ग्राम पद श्री में भागवत कथा होने से आसपास के गांव और केशला निवासी अत्यंत उत्साहित है । भरत लाल देवांगन अध्यक्ष खरोरा राज देवांगन समाज द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय भारती देवांगन की स्मृति में द्वारा यह भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जो लगातार 9 दिन तक। दोपहर 12:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक । समस्त श्रद्धालुओं को तथा श्रवण करने की अपील की गई है।

## बीईओ ने एफएलएन अकादमिक बैठक का किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार।** भरसेला जोन स्तरीय एफएलएन अकादमिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संकुल केंद्र भरसेला, करमदा एवं सलोनी के कक्षा पहली एवं दूसरी के शिक्षक तथा प्रधान पाठक शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य एफएलएन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन, आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता को मजबूत बनाते हुए शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार लाना था। बैठक में भाषा एवं गणित के गतिविधि-आधारित शिक्षण, टीएलएम के प्रभावी उपयोग, दक्षता आधारित शिक्षण, सतत मूल्यांकन, उपचारात्मक शिक्षण तथा विद्यार्थियों के अधिगम स्तर की समीक्षा पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने विद्यालयों में किए जा रहे नवाचारों एवं अनुभवों को साझा करते हुए आगामी शैक्षणिक कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया। संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, रामरतन कंवर एवं रामनारायण वर्मा ने विभागीय निर्देशों की जानकारी देते हुए एफएलएन गतिविधियों के प्रभावी संचालन पर जोर दिया। बैठक के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन ने निरीक्षण कर शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने बच्चों में पढ़ने, लिखने एवं गणना की आधारभूत दक्षताओं के विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित मूल्यांकन तथा बाल-केंद्रित शिक्षण पद्धति अपनाने पर विशेष बल देते हुए प्रत्येक बच्चे के अधिगम स्तर में सतत सुधार सुनिश्चित करने का आह्वान किया।







## टोनाटार में अवैध शराब का कारोबार जोरों पर

**अर्जुनी।** भाटापारा ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार में ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों एवं भारत माता वाहिनी स्व.सहायता समूह की महिलाओं की सतत निगरानी के बावजूद शराब की अवैध बिक्री थमने का नाम नहीं ले रहा है। गांव के चर्चित शराब कोचिया के खिलाफ 17 जून की रात्रि हुई बड़ी कार्रवाई के बाद कुछ दिनों तक शराब बिक्री चोरी छिपे बिक रहा था किंतु आज स्थिति पहले की तरह हो गई है। पांच शराब कोचियों में से दो शराब कोचिया ने तो पुलिस कार्रवाई की डर से शराब बिक्री बंद कर दिए हैं। वही तीन शराब कोचिया अभी भी शराब बिक्री कर भारत माता वाहिनी स्व.सहायता समूह की सतत निगरानी और पुलिस की कार्रवाई को चुनौती दे रहे हैं। इन तीनों कोचियों को तनिक भी पुलिस और आबकारी विभाग का भय नहीं है और खुलेआम शराब बिक्री कर गांव की माहौल को खराब करने में तुले हुए हैं। जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों एवं भारत माता वाहिनी स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने पुलिस प्रशासन से शीघ्र ही शराब बिक्री कर रहे असामाजिक तत्व के लोगों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### स्कूली बच्चे भी असुरक्षित

गांव में दो जगहों पर आसानी से मिल रहे शराब के कारण युवा इसके चपेट में आ रहे हैं। बताया गया कि होटल तड़के सुबह से ही खुल जाते हैं। और तड़के सुबह से ही शराबियों को शराब के नशे में आसानी से देखा जा सकता है। शराबियों से सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को होता है क्योंकि इसी रास्ते से पार होकर शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। शराबियों के कारण स्कूली छात्र-छात्राएं भी अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं। पंचायत पदाधिकारियो एवं भारत माता वाहिनी स्व.सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि जिस तरह गांव के एक शराब कोचिया पर कार्रवाई की गई है ठीक उसी तरह इन तीनो शराब कोचियों पर भी हो।

